पत्रांक—02 / स्था0—(SDRF)—05 / 2017 / ......32...... / आ0प्र0

**बिहार सरकार**
**आपदा प्रबंधन विभाग**

**प्रेषक,**

**अविनाश कुमार,**
संयुक्त सचिव।

**सेवा में,**

**निदेशक,**
सूचना एवं जन—सम्पर्क विभाग,
बिहार, पटना।

पटना—23, दिनांक— 06.01.2026

**विषयः— आपदा प्रबंधन विभाग, बिहार, पटना के नियंत्रणाधीन राज्य आपदा मोचन बल (SDRF) में फॉलोवर श्रेणी के विभिन्न रिक्त पदों पर संविदा नियोजन हेतु विज्ञापन प्रकाशन के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि आपदा प्रबंधन विभाग, बिहार, पटना के नियंत्रणाधीन राज्य आपदा मोचन बल (SDRF) के अन्तर्गत फॉलोवर श्रेणी के 118 रिक्त पदों पर संविदा के आधार पर नियोजन हेतु आवेदन—पत्र आमंत्रित किया जाना है।

अतएव, निदेशानुसार उक्त संविदा नियोजन हेतु विज्ञापन सं0—SDRF/02/2025 की हॉर्ड एवं सॉफ्ट कॉपी संलग्न करते हुए अनुरोध है कि संबंधित विज्ञापन सूचना का प्रकाशन राज्यस्तरीय हिन्दी दैनिक समाचार—पत्रों (यथा—हिन्दुस्तान, दैनिक जागरण, दैनिक भास्कर, आज एवं हिन्दुस्तान टाईम्स आदि) के सभी संस्करणों में शीघ्रताशीघ्र प्रकाशित कराने की कृपा की जाय।

**अनु0—यथोक्त।**

विश्वासभाजन
06/01/2026
संयुक्त सचिव

F:\2026\Chandan Sir I\SDRF\Suchana Jansampark 06-01-2026.docx

# समादेष्टा, एस0डी0आर0एफ0 का कार्यालय,

(आपदा प्रबंधन विभाग, बिहार सरकार) लई रोड, बिहटा, पटना–801103

फोन/फैक्सः 06115 252028 Email:- sdrfbihar125@gmail.com


पत्रांक : 1656/स्था0,

प्रेषक,

समादेष्टा,
राज्य आपदा मोचन बल,
बिहटा, पटना।

सेवा में,

संयुक्त सचिव,
आपदा प्रबंधन विभाग,
बिहार, पटना।

बिहटा, दिनांक : 29.12.2025.

प्रसंग :– आपका कार्यालय पत्रांक–4371/आ0प्र0, दिनांक–17.12.2025

विषय :– राज्य आपदा मोचन बल (एस0डी0आर0एफ0), वाहिनी, बिहटा, पटना में फौलोअर श्रेणी के रिक्त पदों पर संविदा के आधार पर नियत मानदेय (एकमुश्त प्रतिमाह) पर भर्त्ती के लिए आवेदन आमंत्रण हेतु विज्ञापन के प्रकाशन के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि प्रासंगिक पत्र के माध्यम् से राज्य आपदा मोचन बल, बिहटा, पटना में फौलोअर श्रेणी के विभिन्न पदों पर रिक्त कुल 118 पदों पर संविदा के आधार पर भर्त्ती/नियोजन हेतु अनुमति प्रदान की गई है।

उपरोक्त के आलोक में फौलोअर श्रेणी के विभिन्न पदों पर संविदा के आधार पर भर्त्ती/नियोजन हेतु विज्ञापन सं0 : SDRF/02/2025 दिनांक–29 दिसम्बर, 2025 के लिए आवेदन आमंत्रण संबंधी विज्ञापन (साफ्ट कॉपी सहित) की प्रति संलग्न करते हुए अनुरोध है कि उक्त सूचना राज्य के प्रमुख समाचार पत्रों (अंग्रेजी एवं हिन्दी) में प्रकाशित कराते हुए पी0आर0डी0 वेबसाईट पर भी प्रसारित कराने की कृपा की जाय।

इसके अतिरिक्त राज्य के प्रमुख समाचार पत्रों यथा हिन्दुस्तान, दैनिक जागरण, दैनिक भास्कर, आज, हिन्दुस्तान टाईम्स आदि में प्रकाशित कराने की कृपा की जाय।

अनु0– यथोक्त।

विश्वासभाजन

29/12/25
समादेष्टा,
राज्य आपदा मोचन बल,
बिहटा, पटना।

STATE DISASTER RESPONSE FORCE * BIHTA, PATNA *

बिहार सरकार,
राज्य आपदा मोचन बल,
(आपदा प्रबंधन विभाग),
बिहटा, पटना

**विज्ञापन संख्या : SDRF/02/2025**

## विज्ञापन

आपदा प्रबंधन विभाग, बिहार, पटना के नियंत्राधीन राज्य आपदा मोचन बल (SDRF), बिहटा, पटना के निम्नलिखित रिक्त पदों पर संविदा के आधार पर नियत मानदेय (एकमुश्त प्रतिमाह) पर भर्त्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किया जाता है।

1. रिक्त पदों की पदवार/कोटिवार संख्या निम्नवत है :–

| क0 सं0 | पदनाम | रिक्त पदों की सं0 | अनारक्षित | आर्थिक रुप से कमजोर वर्ग | पिछड़ा वर्ग | अत्यंत पिछड़ा वर्ग | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जनजाति | पिछड़े वर्गों की महिला | स्वतंत्रता सेनानी के पोता/पोती/नाती/नतिनी हेतु आरक्षित पदो की सं0 | दिव्यांग अभ्यर्थियों हेतु आरक्षित पदो की सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 35 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण के तहत महिलाओं हेतु आरक्षित पद | | | | | | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 01 | रसोईया | 09 | 02 | 01 | 00 | 03 | 00 | 01 | 01 | 00 | चलन दिव्यांगता–01 |
| | | | 00 | 00 | 00 | 01 | 00 | 00 | | | |
| 02 | जलवाहक | 18 | 08 | 01 | 02 | 02 | 01 | 00 | 00 | 01 | बधिर एवं श्रवण शक्ति में ह्रास–01 |
| | | | 04 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | | | |
| 03 | नाई | 37 | 10 | 03 | 03 | 03 | 05 | 00 | 02 | 01 | अंध एवं निम्न दृष्टि–01 एवं बधिर एवं श्रवण शक्ति में ह्रास–01 |
| | | | 05 | 01 | 02 | 01 | 02 | 00 | | | |
| 04 | धोबी | 31 | 09 | 02 | 03 | 03 | 02 | 00 | 02 | 01 | अंध एवं निम्न दृष्टि–01 एवं बधिर एवं श्रवण शक्ति में ह्रास–01 |
| | | | 05 | 01 | 02 | 02 | 00 | 00 | | | |
| 05 | झाड़ूकश | 23 | 09 | 01 | 02 | 02 | 01 | 00 | 01 | 01 | बधिर एवं श्रवण शक्ति में ह्रास–01 |
| | | | 05 | 00 | 01 | 01 | 00 | 00 | | | |
| | कुल पद | 118 | 57 | 10 | 15 | 18 | 11 | 01 | 06 | 04 | 07 |

2. **नियोजन अवधि** :– " संविदा के आधार पर प्रथमतः 05 (पाँच) वर्षो के लिए नियोजित किया जाएगा तथा उनकी कार्यदक्षता एवं आचरण के आधार पर आवश्यकतानुसार एक–एक साल के लिए अगले 10(दस) वर्षो तक सेवा विस्तार दिया जा सकेगा, परन्तु किसी भी परस्थिति में कर्मी के 60(साठ) वर्ष की आयु पूर्ण होने के पश्चात् सेवा विस्तार नहीं दिया जाएगा।"

3. **उम्र सीमा** :– दिनांक 01.12.2025 (कट–ऑफ–डेट) को आवेदक की उम्र न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 40 वर्ष।

4. **योग्यता एवं भर्त्ती प्रक्रिया** :–

| क0 | पदनाम | नियत मानदेय (प्रति माह) | योग्यता | भर्त्ती प्रक्रिया |
|---|---|---|---|---|
| 01 | रसोईया | ₹ 22,000/- | 1. मैट्रीक उत्तीर्ण<br>2. शाकाहारी एवं मांसाहारी भोजन बनाने में निपुणता आवश्यक | 1. दस्तावेजों का सत्यापन<br>2. साक्षात्कार<br>3. दक्षता परीक्षा |
| 02 | जलवाहक | ₹ 22,000/- | 1. मैट्रीक उत्तीर्ण<br>2. शाकाहारी एवं मांसाहारी भोजन बनाने में निपुणता आवश्यक | 1. दस्तावेजों का सत्यापन<br>2. साक्षात्कार<br>3. दक्षता परीक्षा |
| 03 | नाई | ₹ 22,000/- | 1. मैट्रीक उत्तीर्ण<br>2. नाई संबंधी कार्य में निपुणता आवश्यक | 1. दस्तावेजों का सत्यापन<br>2. साक्षात्कार<br>3. दक्षता परीक्षा |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 04 | धोबी | ₹ 22,000/- | 1. मैट्रीक उत्तीर्ण<br>2. धोबी संबंधी कार्य में निपुणता आवश्यक | 1. दस्तावेजों का सत्यापन<br>2. साक्षात्कार<br>3. दक्षता परीक्षा |
| 05 | झाडूकश | ₹ 22,000/- | 1. मैट्रीक उत्तीर्ण<br>2. झाडूकश संबंधी कार्य में निपुणता आवश्यक | 1. दस्तावेजों का सत्यापन<br>2. साक्षात्कार<br>3. दक्षता परीक्षा |

**5. आरक्षण**

(i) आरक्षण का लाभ राज्य सरकार के प्रचलित आरक्षण नियमों के अनुसार और राज्य सरकार के सक्षम स्तर से निर्गत प्रमाण–पत्र के आधार पर ही देय होगा।

(ii) आवेदन पत्र में आरक्षण का दावा नहीं करने पर आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा।

(iii) जाति के आधार पर आरक्षण का लाभ बिहार के मूल निवासी अभ्यर्थियों को ही देय होगा। आवेदन में दिया गया स्थायी पता ही आरक्षण के प्रयोजन के लिए स्थायी निवास अनुमान्य होगा। आरक्षण के लिए अभ्यर्थियों को स्थायी निवास प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक होगा।

(iv) राज्य के बाहर के आरक्षण कोटि के अभ्यर्थियों की गणना गैर आरक्षित (सामान्य) कोटि के अभ्यर्थी के रुप में की जायेगी। अन्य राज्यों के आरक्षण कोटि के अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्र में स्वयं को गैर आरक्षित (सामान्य) कोटि का अभ्यर्थी घोषित करते हुए आवेदन समर्पित करेंगे, अन्यथा स्थिति में उनका आवेदन पत्र स्वतः निरस्त हो जायेगा।

(v) राज्य के बाहर के अभ्यर्थियों को मात्र महिला संबंधी क्षैतिज आरक्षण का लाभ गैर आरक्षित (सामान्य) कोटि के अन्तर्गत ही देय होगा। इन्हें अन्य किसी आरक्षण का लाभ देय नहीं होगा।

(vi) सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार के पत्रांक 2526, दिनांक 18.02.2016 के आलोक में राज्य के वैसे स्वतंत्रता सेनानियों, जिन्हें केन्द्र सरकार द्वारा पेंशन स्वीकृत है, के पोता/पोती/नाती/नतीनी को 2 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण देय होगा। ऐसे आरक्षण का दावा करने वाले अभ्यर्थियों के पास आवेदन करते समय अपने गृह जिला के जिला पदाधिकारी या उनके द्वारा प्राधिकृत पदाधिकारी के हस्ताक्षर से निर्गत सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार के पत्रांक 11687, दिनांक 30.08.2016 के साथ संलग्न विहित प्रपत्र में (भूतपूर्व स्वतंत्रता सेनानी के पोता/पोती/नाती/नतीनी होने का) प्रमाण पत्र निश्चित रुप से उपलब्ध होना चाहिए। स्वतंत्रता सेनानी के उत्तराधिकारी का परिचय पत्र मान्य नहीं है।

(vii) अनुसूचित जाति (SC) एवं अनुसूचित जनजाति (ST) आरक्षण कोटि के अभ्यर्थियों को विहित प्रपत्र में जाति प्रमाण–पत्र एवं स्थायी निवास/मूल निवास (डोमिसाईल) प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना होगा।

(viii) पिछड़ा वर्ग (BC) एवं अत्यन्त पिछड़ा वर्ग (EBC) आरक्षण कोटि के अभ्यर्थियों को जाति प्रमाण–पत्र एवं स्थायी प्रमाण–पत्र के साथ क्रीमीलेयर रहित (Non Creamy Layer) प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना होगा। उनके स्थायी अधिवास अंचल के राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित अंचलाधिकारी द्वारा निर्गत क्रीमीलेयर रहित प्रमाण–पत्र, जाति प्रमाण–पत्र एवं स्थायी निवास प्रमाण–पत्र मान्य होगा। आरक्षण का दावा करने वाली विवाहित महिलाओं की जाति एवं क्रीमीलेयर

-281-

रहित प्रमाण–पत्र उनके पिता के नाम एवं पता से निर्गत होना चाहिए, न कि उनके पति के नाम से।

(ix) सामान्य प्रशासन विभाग की अधिसूचना संख्या 2622 दिनांक 26.02.2019 के आलोक में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) के उम्मीदवारों को 10 प्रतिशत आरक्षण देय होगा। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत किया जाने वाला आय एवं परिसम्पत्ति प्रमाण पत्र उपर्युक्त अधिसूचना के साथ संलग्न अनुसूची–I (प्रपत्र–I) में सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत होना चाहिए, अन्यथा आर्थिक रुप से कमजोर वर्ग को देय आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा। राज्य से बाहर के अभ्यर्थी इस नियम के अधीन आरक्षण का लाभ हेतु दावा नहीं करेंगे। विवाहित महिला अभ्यर्थी के पक्ष में आय एवं परिसम्पत्ति प्रमाण पत्र अभ्यर्थी के पति के साथ रहने की स्थिति में उनके पति के स्थायी निवास (अंचल) से निर्गत होगा, परन्तु इस विवाहित महिला का अपने पिता के स्थायी निवास के आधार पर निर्गत आवास प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक होगा, जिससे स्पष्ट हो जाए कि विवेचित महिला बिहार राज्य की मूल निवासी है। आय एवं परिसम्पत्ति संबंधी प्रमाण–पत्र निर्गत किये जाने की तिथि से 1 (एक) वर्ष के लिए वैध माना जायेगा।

(x) सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार सरकार के संकल्प संख्या 13062, दिनांक 12.10.2017 के प्रावधान के आलोक में रसोईया, जलवाहक, नाई, धोबी एवं झाड़ूकश पद में दिव्यांग अभ्यर्थियों को क्षैतिज आरक्षण देय है।

(xi) सामान्य प्रशासन विभाग के पत्रांक–2342, दिनांक–15.02.2016 के आलोक में महिलाओं को नियमानुसार 35 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण देय होगा।

**उपर्युक्त आरक्षण संबंधी सभी प्रमाण–पत्र साक्षात्कार के समय अभ्यर्थियों द्वारा मूल रूप से प्रस्तुत नहीं करने पर आरक्षण का लाभ देय नहीं होगा।**

6. **<u>आवेदन शुल्क</u>** :– ₹ 100/–(एक सौ) का बैंकर चेक/डिमांड ड्राफ्ट/पोस्टल आर्डर, COMMANDANT, SDRF के नाम से आवेदन पत्र के साथ संलग्न कर समर्पित करना होगा, अन्यथा आवेदन स्वतः निरस्त हो जायेगा।

7. **आवेदन पत्र के साथ संलग्न किया जाने वाला दस्तावेज :–**

(i) शैक्षणिक योग्यता प्रमाण–पत्र

(ii) अनुभव प्रमाण–पत्र

(iii) जाति प्रमाण–पत्र, निवास प्रमाण–पत्र, क्रीमिलेयर रहित प्रमाण–पत्र/आय एवं परिसम्पत्ति प्रमाण–पत्र/भूतपूर्व स्वतंत्रता सेनानी के पोता/पोती/नाती/नतीनी होने का प्रमाण–पत्र/निःशक्तता प्रमाण–पत्र (यदि लागू हो तो)

(iv) आधार कार्ड की छाया प्रति

(v) दो हालिया पासपोर्ट साईज स्व–अभिप्रमाणित फोटो (एक आवेदन पर चिपका हुआ एवं दूसरा आवेदन के साथ संलग्न किया हुआ)

(vi) दो स्वपता लिखा लिफाफा।

8. अभ्यर्थियों को निर्धारित प्रारुप में अपने आवेदन को पंजीकृत डाक के साथ नीचे दिए गए पते पर आवश्यक दस्तावेज संलग्न करते हुए प्रेषित करना है।

**समादेष्टा, राज्य आपदा मोचन बल (एस0डी0आ0एफ0), लई रोड, एच0पी0सी0एल0 के पास, बिहटा, पटना– 801103**

- अभ्यर्थियों का आवेदन पत्र, विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों के अन्दर स्पीड पोस्ट के माध्यम् से उपरोक्त पते पर अवश्य प्राप्त हो जाना चाहिए।

9. **सामान्य निर्देश** :–

(i) भर्त्ती हेतु आवेदन पत्र अभ्यर्थी को अपनी लिखावट में भरना होगा।

(ii) आवेदन पत्र वाले लिफाफे पर पद का नाम मोटे अक्षरों में लिखा होना चाहिए।

(iii) आवेदन पत्र जमा करने की निर्धारित तिथि के पश्चात् कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।

(iv) सभी पात्र उम्मीदवारों को साक्षात्कार/जाँच आदि में उपस्थित होने के लिए पंजीकृत डाक/टेलीफोन के माध्यम् से सूचित किया जायेगा।

(v) उन उम्मीदवारों को कोई सूचना नहीं दी जायेगी, जो न्यूनतम पात्रता/मापदंडों को पूरा नहीं करते हैं।

(vi) आवेदन पत्र में वर्णित सभी प्रमाण–पत्र साक्षात्कार के समय मूल रूप से प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। उक्त निर्देश का अनुपालन नहीं करने वाले अभ्यर्थियों के संबंध में निर्णय लेने हेतु विभाग स्वतंत्र होगा।

(vii) साक्षात्कार/टेस्ट आदि के लिए बुलाए गए उम्मीदवारों को कोई टीए/डीए देय नहीं होगा।

(viii) चयनित अभ्यर्थियों को आवश्यकता पड़ने पर राज्य या राज्य से बाहर भी प्रतिनियुक्त किया जा सकता है।

(ix) आवश्यकता पड़ने पर वाहिनी कार्यहित में चयनित अभ्यर्थियों से अपने ट्रेड के अलावा अन्य ट्रेड का भी कार्य लिया जा सकता है।

(x) इस विज्ञापन को आपदा प्रबंधन विभाग, बिहार, पटना के वेबसाइट https://state.bihar.gov.in/disastermgmt/CitizenHome.html के Notification Section पर भी देखा जा सकता है।

(xi) आवश्यकता के अनुसार पद और रिक्तियाँ किसी भी समय परिवर्तित किया जा सकता है।

(xii) बहाली/भर्ती से संबंधित आवश्यकतानुसार विधिमान्य तरीके से परिवर्तन/संशोधन आदि के लिए सभी प्रकार के अधिकार समादेष्टा, राज्य आपदा मोचन बल, बिहटा, पटना के पास संरक्षित रहेगा।

(xiii) बहाली/भर्ती के संबंध में किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में समादेष्टा, राज्य आपदा मोचन बल, बिहटा, पटना का आदेश अंतिम व सर्वमान्य होगा।

(xiv) किसी भी स्थिति में अपूर्ण व अस्पष्ट रुप से भरा हुआ आवेदन स्वीकार्य नहीं होगा।

24/12/15

STATE DISASTER RESPONSE FORCE • BIHTA, PATNA

समादेष्टा,
राज्य आपदा मोचन बल,
(एस0डी0आर0एफ0)
लई रोड, एच0पी0सी0एल0के पास,
बिहटा, पटना– 801103

# बिहार सरकार,
# राज्य आपदा मोचन बल,
# (आपदा प्रबंधन विभाग),
# बिहटा, पटना

**विज्ञापन संख्या : SDRF/02/2025**

## विज्ञापन

आपदा प्रबंधन विभाग, बिहार, पटना के नियंत्राधीन राज्य आपदा मोचन बल (SDRF), बिहटा, पटना के निम्नलिखित रिक्त पदों पर संविदा के आधार पर एकमुश्त मानदेय पर भर्त्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किया जाता है।

1. रिक्त पदों की पदवार/कोटिवार संख्या निम्नवत है :–

| क्र0 सं0 | पदनाम | रिक्त पदों की सं0 | अना0 | आर्थिक रुप से कमजोर वर्ग | पि0 वर्ग | अ0 पि0 वर्ग | अनु0 जाति | अनु0 जनजाति | पि0 व0 की महिला | स्वतंत्रता सेनानी के पोता/पोती/नाती/नतिनी हेतु आरक्षित पदो की सं0 | दिव्यांग अभ्यर्थियों हेतु आरक्षित पदो की सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 35 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण के तहत महिलाओं हेतु आरक्षित पद | | | | | | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 1 | रसोईया | 09 | 02 | 01 | 00 | 03 | 00 | 01 | 01 | 00 | OH–01 |
| | | | 00 | 00 | 00 | 01 | 00 | 00 | | | |
| 2 | जलवाहक | 18 | 08 | 01 | 02 | 02 | 01 | 00 | 00 | 01 | DD–01 |
| | | | 04 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | | | |
| 3 | नाई | 37 | 10 | 03 | 03 | 03 | 05 | 00 | 02 | 01 | VI–01<br>DD–01 |
| | | | 05 | 01 | 02 | 01 | 02 | 00 | | | |
| 4 | धोबी | 31 | 09 | 02 | 03 | 03 | 02 | 00 | 02 | 01 | VI–01<br>DD–01 |
| | | | 05 | 01 | 02 | 02 | 00 | 00 | | | |
| 5 | झाडूकश | 23 | 09 | 01 | 02 | 02 | 01 | 00 | 01 | 01 | DD–01 |
| | | | 05 | 00 | 01 | 01 | 00 | 00 | | | |
| कुल पद | | 118 | 57 | 10 | 15 | 18 | 11 | 01 | 06 | 04 | 07 |

नोटः– दिव्यांगता की प्रकृति इस प्रकार दर्शायी गयी है:– **VI**–दृष्टि दिव्यांगता, **DD**–मूक बधिर दिव्यांगता एवं **OH**–चलन दिव्यांगता।

2. **नियोजन अवधि** :– " संविदा के आधार पर प्रथमतः 05 (पाँच) वर्षों के लिए नियोजित किया जाएगा तथा उनकी कार्यदक्षता एवं आचरण के आधार पर आवश्यकतानुसार एक–एक साल के लिए अगले 10 (दस) वर्षों तक सेवा विस्तार दिया जा सकेगा, परन्तु किसी भी परस्थिति में कर्मी के 60 (साठ) वर्ष की आयु पूर्ण होने के पश्चात् सेवा विस्तार नहीं दिया जाएगा।"

3. **उम्र सीमा** :– दिनांक 01.12.2025 (कट–ऑफ–डेट) को आवेदक की उम्र न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 40 वर्ष।

-278-

4. योग्यता एवं भर्त्ती प्रक्रिया :–

| क्र0 | पदनाम | नियत मानदेय (प्रति माह) | योग्यता | भर्त्ती प्रक्रिया |
|---|---|---|---|---|
| 01 | रसोईया | ₹22,000/- | 1. मैट्रीक उत्तीर्ण<br>2. शाकाहारी एवं मांसाहारी भोजन बनाने में निपुणता आवश्यक | 1. दस्तावेजों का सत्यापन<br>2. साक्षात्कार<br>3. दक्षता परीक्षा |
| 02 | जलवाहक | ₹22,000/- | 1. मैट्रीक उत्तीर्ण<br>2. शाकाहारी एवं मांसाहारी भोजन बनाने में निपुणता आवश्यक | 1. दस्तावेजों का सत्यापन<br>2. साक्षात्कार<br>3. दक्षता परीक्षा |
| 03 | नाई | ₹22,000/- | 1. मैट्रीक उत्तीर्ण<br>2. नाई संबंधी कार्य में निपुणता आवश्यक | 1. दस्तावेजों का सत्यापन<br>2. साक्षात्कार<br>3. दक्षता परीक्षा |
| 04 | धोबी | ₹22,000/- | 1. मैट्रीक उत्तीर्ण<br>2. धोबी संबंधी कार्य में निपुणता आवश्यक | 1. दस्तावेजों का सत्यापन<br>2. साक्षात्कार<br>3. दक्षता परीक्षा |
| 05 | झाड़ूकश | ₹22,000/- | 1. मैट्रीक उत्तीर्ण<br>2. झाड़ूकश संबंधी कार्य में निपुणता आवश्यक | 1. दस्तावेजों का सत्यापन<br>2. साक्षात्कार<br>3. दक्षता परीक्षा |

6. आवेदन शुल्क :– ₹100/- (एक सौ) का बैंकर चेक/डिमांड ड्राफ्ट/पोस्टल आर्डर, *"COMMANDANT, SDRF, बिहटा, पटना"* के नाम से आवेदन पत्र के साथ संलग्न कर समर्पित करना होगा, अन्यथा आवेदन स्वतः निरस्त हो जायेगा।

8. अभ्यर्थियों को निर्धारित प्रारुप में अपने आवेदन को पंजीकृत डाक के साथ नीचे दिए गए पते पर आवश्यक दस्तावेज संलग्न करते हुए प्रेषित करना है।

**समादेष्टा, राज्य आपदा मोचन बल (एस0डी0आ0एफ0), लई रोड, एच0पी0सी0एल0 के पास, बिहटा, पटना– 801103**

अभ्यर्थियों का आवेदन पत्र, विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों के अन्दर स्पीड पोस्ट/निबंधित डाक के माध्यम से उपरोक्त पते पर अवश्य प्राप्त हो जाना चाहिए।

**नोटः– आवेदन की प्रक्रिया, आरक्षण, सामान्य निर्देश आदि की जानकारी विभागीय वेबसाईट https://state.bihar.gov.in/disastermgmt/CitizenHome.html के Notification Section से प्राप्त की जा सकती है।**

24/12/25

समादेष्टा,
राज्य आपदा मोचन बल,
(एस0डी0आर0एफ0)
लई रोड, एच0पी0सी0एल0 के पास,
बिहटा, पटना–801103

अनु0–I

बिहार सरकार,
राज्य आपदा मोचन बल,
(आपदा प्रबंधन विभाग),
बिहटा, पटना

**विज्ञापन संख्या : SDRF/02/2025**

**एस०डी०आर०एफ० में संविदा के आधार पर भर्ती हेतु आवेदन पत्र**

**रजिस्टर्ड नं0 ................................ (कार्यालय द्वारा भरा जायेगा)**

**आवेदित पद का नामः–**

(अनिवार्य रूप से भरा होना चाहिए)

हाल का स्वअभिप्रमाणित पासपोर्ट साईज फोटो

1. आवेदक का पूरा नामः–
2. पिता का नामः–
3. स्थायी पताः–
4. पत्राचार का पताः–
5. दूरभाष/मो0नं0ः–
6. राष्ट्रीयताः–
7. धर्मः–
8. जातिः–
9. आरक्षण कोटिः– ☐UR ☐EWS ☐BC ☐EBC ☐SC ☐ST ☐WBC
10. जन्म तिथिः–
11. दिनांक–01.01.2025 को उम्रः–
12. पहचान चिन्ह (i):–
    (ii):–
13. शैक्षणिक योग्यताः–
14. अन्य योग्यताएँ/अनुभव प्रमाण–पत्रः–
15. विवाहित/अविवाहितः–
16. जाँच/पुलिस केस/अपराध सिद्धि/सजा/सरकारी सेवा में रोक आदि (यदि कोई हो तो ब्योरा सहित):–
17. अनुलग्नकों की सूचीः– I.
    II.
    III.
    IV.
    V.
    आदि।

-278

18. **घोषणाः–** मैं एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि आवेदन–पत्र में मेरे द्वारा दी गयी सभी सूचनायें एवं प्रविष्टियाँ सत्य एवं सही हैं। मैं जानता/जानती हूँ कि मेरे द्वारा दी गयी कोई भी सूचना या जानकारी गलत पाये जाने पर साक्षात्कार के उपरांत भी मेरी उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है और मेरे खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी की जा सकती है।

स्थानः–
दिनांकः–

आवेदक का हस्ताक्षर

19. उम्मीदवारों को अपना आवेदन आवश्यक दस्तावेजों के साथ पंजीकृत डाक के माध्यम से नीचे अंकित पते पर उपलब्ध कराना है :–

**समादेष्टा, राज्य आपदा मोचन बल (एस0डी0आ0एफ0),**
**लई रोड, एच0पी0सी0एल0 के पास, बिहटा, पटना– 801103**

**नोट** :– 1. आवेदक का आवेदन विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों के अन्दर उपर्युक्त पते पर अवश्य प्राप्त हो जाना चाहिए।
2. आवेदन–पत्र में विहित स्थानों पर आवेदित पद का नाम अंकित नहीं रहने पर आवेदन–पत्र अस्वीकृत कर दिया जाएगा।
3. आवेदन–पत्र में विहित स्थानों पर जाति तथा आरक्षण की कोटि इंगित नहीं रहने पर आरक्षण का लाभ देय नहीं होगा एवं अभ्यर्थियों को अनारक्षित श्रेणी में रखा जाएगा।